

# बीकाणा रेल

## बीकानेर मंडल अक्तूबर 24 से दिसम्बर 24 के प्रमुख समाचार





# बीकाणा रेल

बीकानेर मंडल में दिनांक 14 सितंबर से 2 अक्तूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया जिसमें मंडल रेल प्रबंधक महोदय डॉक्टर श्री आशीष कुमार व उनकी टीम द्वारा बीकानेर स्टेशन पर रेल संग्रहालय के पास सफाई कर सभी को सफाई रखने की प्रेरणा दी गई। स्वच्छता पखवाड़े के तहत मंडल के सभी स्टेशनों पर भी सफाई अभियान चलाया गया।




दिनांक 30 अक्तूबर 2024 को बीकानेर मंडल में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया जिसमें मंडल रेल प्रबंधक महोदय डॉक्टर आशीष कुमार व सभी अधिकारीगण ने भाग लिया एवं माल्यार्पण एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता व अखंड भारत के महान शिल्पकार भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के स्वतंत्र भारत में दिए गए योगदान के बारे में बताया गया एवं मंडल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा स्वयं हस्ताक्षर कर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। सत्य निष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि के संबंध में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 मनाया गया।







राष्ट्रीय एकता दिवस व सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत मंडल रेल प्रबंधक महोदय हस्ताक्षर करते हुए



# बीकाणा रेल



दिनांक 04.10.2024 को रेल द्वारा माल परिवहन लक्ष्यों की प्राप्ति, माल परिवहन में वृद्धि तथा लदान में आ रहे व्यवधानों के निराकरण के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक की अध्यक्षता में व्यवसाय विकास इकाई की बैठक आयोजित की गई। वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक द्वारा बैठक में सम्मिलित व्यापारियों का स्वागत संबोधन तथा रेलवे के साथ बेहतर समन्वय एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया जिसमें श्री विश्वास गौड़ - DGM/HMEL, श्री मनीष पाटीदार-Marketing Manager/ HMEL,श्री नीतीश कुमार-Manager/HPCL उपस्थित हुए।



दिनांक **16.11.2024** को महाप्रबंधक महोदय द्वारा बीकानेर मंडल के श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। हनुमानगढ़ स्टेशन पर **ABSS** तथा लोको लॉबी का निरीक्षण किया गया तथा श्री गंगानगर में भी लोको लॉबी का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक महोदय, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर शामिल हुए।





दिनांक 14.11.2024 बीकानेर मंडल पर लालगढ़ स्टेशन यार्ड में किया गया आपदा प्रबंधन का संयुक्त अभ्यास







# बीकाणा रेल

बीकानेर मंडल के पर्यवेक्षण में लोक निर्माण विभाग द्वारा हनुमानगढ़ - सादुलपुर सैक्शन में किमी 69/15-70/01 पर 26.11.24 को आरयूबी का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया है।





यात्री सुविधाओं को बढ़ाने तथा बढ़ी हुई यात्री भीड़ का प्रबंधन करने के लिए कोलायत मेला के दौरान एक अतिरिक्त यूटीएस कनेक्टिविटी सुविधा प्रदान की गई है।

जामसर स्टेशन पर प्वाइंट मशीन बदलने का कार्य किया गया।



लोहारु स्टेशन पर टॉवर वैगन साइडिंग को चालू करना





# बीकाणा रेल

मंडल रेल प्रबंधक महोदय डॉ. आशीष कुमार ने दिनांक 07.12.2024 को हिसार स्टेशन का निरीक्षण किया तथा स्टेशन परिसर पर सेफ्टी सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें वरि. मंडल इंजीनियर/समन्वय, मंडल बिजली इंजीनियर/ टीआरडी आदि अधिकारी उपस्थित रहें तथा हिसार स्टेशन के समस्त रेल कर्मचारियों को रेल संरक्षा सम्बन्धी विभिन्न बिन्दुओं के बारे में बताया।





उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर मंडल में दिनांक 16.12.2024 को पेंशन अदालत का आयोजन किया गया जिसमे मंडल रेल प्रबंधक महोदय डॉ. आशीष कुमार व वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी तथा अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।






श्रीगंगानगर पावर हाउस में विद्युत स्टाफ कुल=10 को अर्थिंग, परमिट टू वर्क, बिजली शटडाउन लेने, विद्युत कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, कृत्रिम श्वास विधि, ELCB, RRCB, RCBO, अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन पर चल रहे विद्युत कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, अग्नि शामक यंत्र एवं उपयोग विधि, ट्रांसफार्मर- डीजी सेट सेफ्टी, बिजली टूल किट उपकरण, सेफ्टी उपकरण इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया गया।





# बीकाणा रेल

## लघु समाचार संग्रह

समय पर गाड़ी चलें यह रेलवे की सबसे बड़ी जिम्मेवारी है। बीकानेर मंडल पर रेल संचलालन में समयपालन लगभग 95.12 प्रतिशत रहा है। यह उत्कृष्ट उपलब्धि है जिसके लिए रेल प्रशासन अपने सभी संबंधित कर्मचारियों, प्रभारियों, अधिकारियों को बधाई का पात्र समझता है।

माल लदान रेलवे की आय का प्रमुख स्रोत है। लदान को लगातार बढ़ाने के प्रयास चलते हैं। माह दिसम्बर 2024 तक 2.45 मिलियन टन का लदान किया गया है जो गत वर्ष की तुलना में 1.5 प्रतिशत अधिक है। दिसम्बर 2024 में कुल आय 1145.78 करोड़ रुपए थी जो विगत वर्ष की समान अवधि से 2.98 प्रतिशत अधिक है। गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में अन्य कोचिंग आय में 15.05 प्रतिशत एवं माल आय में 7.79 प्रतिशत की वृद्धि अंकित की गई। दिसम्बर 2024 में एस एल आर व वीपीएच की लीजिंग में होने वाली आय में उल्लेखनीय प्रगति हुई है तथा यह गत वर्ष की तुलना में 37.32 प्रतिशत अधिक है।

विद्युतीकरण का कार्य बीकानेर मंडल पर तीव्र गति से चल रहा है तथा अब तक लगभग 100 सवारी गाड़ियों व आवश्यकतानुसार मालगाड़ियों का संचालन बिजली कर्षण से किया जा रहा है।

बीकानेर मंडल पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 15 स्टेशनों पर 624 आधुनिक कोच गाइडेंस बोर्ड, 12 स्टेशनों पर 14 मल्टीलाइन डिस्प्ले बोर्ड एवं 43 सिंगल लाइन डिस्प्ले बोर्ड लगाए जा चुके हैं।

सूरतगढ़-अनूपगढ़ 77.5 किमी सैक्शन की गति सीमा 110 किमी प्रति घंटा तक बढ़ा दी गई है। रोहतक-भिवानी 41.4 किमी सैक्शन पर भी इसी तरह 110 किमी प्रति घंटा गति बढ़ा दी गई है।

लोको पायलट के लिए गाड़ी संचालन में सहायक उपकरण - सिगनल लोकेशन बुक एवं इलेक्ट्रॉनिक लोको ट्रबल शूटिंग बुकलेट (हिन्दी संस्करण) भी वितरित की गई है।

नवंबर 2024 में जयपुर में आयोजित अंतर मंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बीकानेर की कुमारी दिव्यांशी कपूरिया पुत्री श्रीमती चंदा कपूरिया, ईसीआरसी ने एकल लोक नृत्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समीर पुत्र श्री बिपिन कुमार एमसीएम/ सिरसा ने तबला वाद्य यंत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

खेलकूद प्रतियोगिताओं में बीकानेर मंडल के मनोज जाट, लिपिक लालगढ़ ने 76वीं सीनियर नेशनल ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता में कांस्य पद प्राप्त किया।